## सार-समाचार

### विकलांगों को स्कूटी वितरित की



**मंडफिया,** (निसं)। श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल ने आठ चयनित विकलांगों को निशुल्क मोटराईज्ड तिपहिया स्कूटियां वितरण की है। जानकारी के अनुसार गत दिनों श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया ने जलझूलनी एकादशी मेले में विकलांगों को निशुल्क मोटराईज्ड तिपहिया स्कूटियां वितरण की थी, जिसमें से 8 विकलांगों के दस्तावेज में पक्के लाइसेंस नहीं होने के कारण उनकी स्कुटियां रोक दी गई थी। मंदिर मंडल ने विकलांगों को पक्के लाइसेंस बनाकर मंदिर कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए थे, जिस पर विकलांगों ने अपने पक्के वाहन लाइसेंस बनवाकर मंदिर कार्यालय में जमा करवाए। जिस पर मंदिर मंडल की ओर से सोमवार को सांवलियाजी सेठ की नवीन धर्मशाला परिसर में 8 विकलांगों को निशुल्क मोटर्स मोटराइज्ड तिपहिया स्कूटीयां वितरण की गई। इस मौके पर मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर, अतिरिक्त कलेक्टर एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम, मंदिर बोर्ड सदस्य भैरूलाल सोनी, अशोक शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, संजय कुमार मंडोवरा, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, सुरक्षा प्रभारी भेरुगिरी गोस्वामी, पुल प्रभारी सत्तार मोहम्मद, श्रवण शर्मा, महावीर सिंह चौहान सहित मंदिर कर्मचारी उपस्थित थे।

### ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। साइबर थाना पुलिस ने ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम से लाखों की ऑनलाइन ठगी करने वाले एक आरोपी सोमवार सुबह 10 बजे गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। पीड़ित से 11 लाख 12 हजार 600 रुपए की ठगी की गई थी। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। साइबर थाने के थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया कि डूंगरपुर शहर के प्रतापनगर निवासी सुरेश कलाल ने साइबर थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि 23 जुलाई को उसके टेलीठााम एप पर एक मैसेज आया था। जिसमें ट्रेडिंग में मुनाफे की स्कीम बताई थी। जिसके चलते उसने उनका टेलीठााम ठाुप ज्वाइन किया। इसके बाद ठाुप में कई रेटिंग टास्क दिए और उसने वो टास्क किए। वहीं रेटिंग टास्क करने पर कुछ रुपए उसके खाते में भेजे। इसके बाद उसने ज्यादा पैसे लगाने पर ज्यादा मुनाफे का लालच दिया। इसके चलते उसने 31 जुलाई तक कुल 11 लाख 12 हजार 600 रुपए अलग-अलग खातों में ऑनलाइन भेजे। वहीं जब सामने से पैसे वापस नहीं भेजे गए तो उसे ठगी का अहसास हुआ। इस पर उसने साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जिन-जिन खातों में रुपए गए उसकी जांच की। इस दौरान पहला ट्रांजेक्शन पाली जिले के गुन्दोज निवासी राकेश घांची के खाते में गया। इस पर पुलिस ने पाली निवासी राकेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वहीं राकेश ने पूछताछ में बताया कि उसके दोस्त मनीष ने उसका खाता प्रति ट्रांजेक्शन एक प्रतिशत कमीशन पर किराए पर लिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी राकेश को गिरफ्तार कर लिया है।

### लोक अदालत में प्रकरणों का निस्तारण

**कपासन,** (निसं)। ताल्लुका विधिक सेवा समितिए कपासन के तत्वावधान में सोमवार को विशेष प्रि.लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉण् श्री महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित बैंच द्वारा प्रि.लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर कुल 24,90,000 रूपये की राशि का अवार्ड पारित किया गया।ताल्लुका विधिक सेवा समिति के सचिव श्री देव तिवारी ने बताया कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के निर्देशानुसार आयोजित उक्त विशेष प्रि.लिटिगेशन लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक के कुल 17 प्रि.लिटिगेशन प्रकरणों का लोक अदालत की भावना से निस्तारण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के कुल 296 प्रकरण विशेष लोक अदालत में सम्मिलित किया गया जिनमें से कुल 17 प्रकरणों में राजीनामे से 24,90,000 रूपए के अवार्ड पारित किए गए।इस अवसर पर लोक अदालत पीठ के सदस्य अधिवक्ता श्री सुरेश कुमार बाफनाए अधिवक्ता सहित न्यायालय के रीडर श्री गोपाल लालए तालुका सचिव श्री देव तिवारीए कर्मचारीगण श्री सोहनलाल पूर्बियाए स्वयंसेवक श्री कमलेश बारेगामाए श्री ऋषि भट्टए भारतीय स्टेट बैंको के शाखा प्रबंधक तथा पक्षकारान उपस्थित होकर लोक अदालत में सभी मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह व समझाईश से कराया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर ब्लॉक के पीईईओ कांकरादरा अधीनस्थ राप्रावि कांकरादरा में तीन दिवसीय 68वीं जिला स्तरीय प्राथमिक स्तर 11 वर्षीय छात्र छात्रा खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार से होगा। प्रतियोगिता को लेकर सोमवार को कार्यवाहक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डूंगरपुर विमल साद की अध्यक्षता, संदर्भ व्यक्ति रितेश जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य व पर्यवेक्षक घाटा भंडारिया विक्रम पुरोहित, जिला खेल प्रकोष्ठ प्रभारी रमेशचंद्र रोत व प्रवीण खराड़ी के विशिष्ट आतिथ्य में तैयारी बैठक आयोजित की गई।

# ट्रक से डोडा चूरा व अफीम बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने गुजरात से सटे रतनपुर बॉर्डर पर एक ट्रक से 42 किलो डोडा चूरा और 380 ग्राम अफीम जब्त की है। पुलिस ने मौके से 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर डोडा चुरा और अफीम गुजरात ले जा रहे थे। पकड़े गए अफीम और डोडा चूरा की कीमत करीब 3 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

- **बरामद अफीम और डोडा चूरा की कीमत करीब 3 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है**
- **तस्कर डोडा चुरा व अफीम गुजरात ले जा रहे थे**



पुलिस ने अफीम और डोडा चूरा बरामद कर दो आरोपियों को दबोचा।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गुजरात से सटे डूंगरपुर के रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी कर गाड़ियों की तलाशी शुरू की। इस दौरान उदयपुर की ओर से एक गुजरात नंबर का ट्रक आता हुआ नजर आया। ट्रक को बॉर्डर पर रुकवाया। ट्रक में ड्राइवर सहित 2 लोग बैठे हुए थे। दोनों के नाम पूछने पर नारायणलाल पुत्र कालू गणेश मेघवाल निवासी सांगरिया पुलिस थाना मंगलवाड़ और सुंदरलाल पुत्र चुन्नीलाल अहीर निवासी लदानी पुलिस थाना फतेहनगर बताया। ट्रक में भरे सामान के बारे में पूछने पर घबरा गए। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। इस पर पुलिस को डोडा चूरा और अफीम बरामद हुई। दोनों के पास डोडा चुरा और अफीम के परिवहन के कोई कागजात भी नहीं मिले। इस पर पुलिस ने दोनों का वजन करवाया। 42 किलो डोडा चुरा और 380 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। पुलिस ने तस्करी के आरोप में नारायण और सुंदरलाल को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

# डीपीआर बनाने की मांग

**उदयपुर,** (कासं)। अहमदाबाद-अहमदाबाद हाइवे पर काया से देबारी बायपास के बाद अब काया से सीधे कविता तक रिंग रोड बनाने की तैयारी की जा रही है।

इससे अहमदाबाद से पिंडवाड़ा हाइवे की तरफ जाने वाले वाहन सीधे ही रिंग रोड से कविता निकलेंगे और काया-देबारी बाईपास पर भी यातायात का दबाव कम होगा। इसके लिए उदयपुर सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर डीपीआर बनाने की मांग की है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने लिखे पत्र में बताया. काया से कविता तक 30 किलोमीटर तक रिंग रोड पर करीब 1200 करोड़ करोड़ की लागत आएगी, जिसमें 30 प्रतिशत आर्थिक सहयोग स्थानीय निकाय की ओर से दी जा सकती है।

सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने बताया कि अहमदाबाद नेशनल हाइवे 48 और पिंडवाड़ा नेशनल हाइवे 76 को जोड़ने के प्रस्तावित उदयपुर रिंग रोड निर्माण के लिए जल्द डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।

### संवाद कार्यक्रम

**भीम,** (निसं)। राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कस्बे के एडविन पब्लिक स्कूल में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दुर्गा प्रसाद सिंघानिया,हीरालाल भाट ,मुकेश सिंघानिया, महेंद्र सालवी, रामप्रकाश जी लोहार, ललित देवड़ा का पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभव विद्यार्थियों से साझा किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने पत्रकारिता के महत्व और इसके प्रभाव को समझा।

# फर्जी एप से धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पुलिस थाना कोतवाली ने फर्जी फोन पे एप से रुपये ट्रांसफर करना बताकर धोखाधडी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि 13 नवंबर को प्रार्थिया टीना पत्नी भरत सिंह निवासी बांसवाडा ने रिपोर्ट दी कि 10 नवंबर को लगभग 3.20बजे दो व्यक्ति मोटरसाईकिल लेकर उसकी ई-मित्र की दुकान पर आये और दोनों व्यक्तियों ने मास्क लगा रखा था। जिनमें से एक ने प्रार्थिया के फोन पे स्केनर पर 5 हजार रुपये स्केन कर 5 हजार रुपये मांगे जिस पर प्रार्थिया ने पैसे सेण्ड करने का एसएमएस देखा तो 5 हजार रुपये उसके पति भगत सिंह के एकाउंट में नहीं आये थे। प्रार्थिया के पति उस व्यक्ति से पूछते उतने में वह दोनों अपनी मोटरसाईकिल से भाग गये। जिस पर इधर-उधर जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि ये लडके राकेश गुप्ता की ई-मित्र की दुकान से भी पैसे ले गये व अशोक कुमार एवं दिपेश उपाध्याय की दुकान से भी फर्जी तरीके से सामान ले गये। ये लडके फर्जी एप के जरिये लोगों के साथ ठगी करते हैं। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर



पुलिस ने फर्जी एप से धोखाधड़ी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बदमाशानों की पतेरसी की। इस दौरान उक्त वारदात करने वाले तीन आरोपी राहुल गरासियानिवासी आकाशवाणी कॉलोनी थाना राजतालाब, नकुल पुत्र प्रशांत पंड्या निवासी आकाशवाणी कॉलोनी व धीरज पुत्र चोबसिंह शाक्य निवासी नीलम नगर थाना राजतलाब से पूछताछ की तो इन्होंने जूर्म करना स्वीकार किया जिस पर इन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में इन्होंने बताया कि फोन पे जैसी फर्जी एप से क्यूआर कोड स्केन करने पर वास्तविक रुप से ट्रांसफर होने जैसा दिखाई देता है लेकिन रुपये ट्रांसफर नहीं होते हैं इस तरह फर्जी फोन पे एप से लोगों के साथ धोखाधडी करते थे। टीम में पुलिस निरीक्षक देवीलाल मीणा, उपनिरीक्षक गंगाराम, सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रवीर सिंह व सुशीला, आंबापुरा थाने के हैड कांस्टेबल विशाल सिंह, कांस्टेबल सुनील, अरविन्द कुमार, लालसिंह व भूपेन्द्र शामिल रहे।

## सार-समाचार

### लोक अदालत 14 दिसंबर को

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री ज्ञानप्रकाश गुप्ता उदयपुर के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को होगा। प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा होने वाली लोक अदालत के तहत विशेष प्रि-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन कर एसबीआई बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। एडीजे ने बताया कि ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में लंबित नहीं है लेकिन भविष्य एसबीआई बैंक द्वारा न्यायालय में संस्थित करवाए जा सकते है ऐसे प्रकरणों को 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाते हुए पक्षकारों को समझाकर अधिकाधिक रियायत प्रदान करते हुए निस्तारण करने को कहा। जिससे बैंक के ग्राहको को न्यायालय के चक्कर नहीं लगाने पडे एवं बैंक के समक्ष ग्राहक की साख भी बनी रहे। एडीजे शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरण के तहत धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम, धन वसूली, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद, बिजली, पानी एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित (अशमनीय के अलावा प्रकरण), भरण-पोषण से संबंधित प्रकरण, राजस्व विवाद, पैमाइश एवं डिवीजन ऑफ होल्डिंग सहित, सिविल विवाद, सर्विस मैटर्स, उपभोक्ता विवाद, अन्य राजीनामा योग्य विवाद (जो अन्य अधिकरणों/आयोगों/मंचो/आथॉरिटी/प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से संबंधित) प्रकरणों का निस्तारण किया जा सकेंगी।वहीं न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम (एन आई. एक्ट), धन वसूली, एम.ए.सी.टी. के प्रकरण, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद एवं कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के प्रकरण, बिजली, पानी एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित प्रकरण (अशमनीय के अलावा), पारिवारिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरण, सभी प्रकार के सर्विस मैटर्स (पदोन्नति एवं वरिष्ठता विवाद के मामलों के अलावा), सभी प्रकार के राजस्व मामले, उपभोक्ता एवं विक्रेता /सेवा प्रदाता के मध्य के विवाद, सिविल मामले (किरायेदारी, बंटवारा, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा, घोषणा, क्षतिपूर्ति एवं विनिर्दिष्ट पालना के दावे), अन्रू राजीनामा योग्य ऐसे मामले जो अन्य अधिकरणों/ आयोगों, मंचो/आथॉरिटी/प्राधिकारियों के समक्ष लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

### लूट के आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। अपनेआप को फाईनेंस कर्मी बताकर वाहन चालकों से लूट करने के आरोपियों को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सदर बुधाराम ने बताया कि गत 13 नवंबर को प्रार्थी रावजी ने रिपोर्ट दी कि वह 6 जून को बांसवाडा से अपने गांव बेडाउ थाना आनंदपुरी जा रहा था कि सागडौद चौराहे पर दो लडकों ने अपनेआप को फाईनेंस कर्मचारी बताकर मारपीट करते हुए मोटरसाईकिल लूट ली। पुलिस ने अनुसंधान का जिम्मा हैड कांस्टेबल प्रकाश को सौंपा एवं एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में एएसपी राजेश भारद्वाज, वृत्ताधिकारी गोपीचंद मीणा के निकटतम पर्यवेक्षण में थानाधिकारी बुधाराम के नेतृत्व में थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गयी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि गुड्डू उर्फ जितेन्द्र पुत्र लक्ष्मण कटारा निवासी गामडी थाना सदर एवं सुनील पुत्र मोगजी यादव निवासी बोरवट थाना सदर लिप्त हो सकते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो लूट की मोटरसाईकिल के अलावा इनकी निशादेही से लगभग 11 अन्य मोटरसाईकिलें जब्त की गयी। जब्त किये गये वाहनों के कोई कागजात आरोपी पेश नहीं कर पाये। थानाधिकारी ने बताया कि इन लोगों से अन्य मोटरसाईकिलें मिलने की भी संभावना है।

### बोरतालाब धाम के महंत का देवलोक गमन

**बांसवाड़ा,** (निसं)। रतलाम मार्ग स्थित 1008 बोरतालाब कल्लाजी धाम के सेवक कन्हैयालाल प्रजापत का सोमवार को देवलोक गमन हो गया। उनकी पार्थिव देह माही नदी के किनारे पंचतत्व में विलीन की गई। महंत कन्हैयालाल प्रजापत के देवलोक गमन की जानकारी मिलते ही बोरतालाब सहित आस-पास के गांव, प्रजापत समाज और अनुयायियों में शोक की लहर छा गई। बडी संख्या में लोग बोरतालाब पहुंचने लगे। श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी... के जप के बीच ग्रामीणों और अनुयायियों ने उनकी पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की। बोरतालाब गांव से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई।

### प्रथम सेमेस्टर प्रवेश सूची प्रकाशित

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध नियमित प्रवेश के लिये अंतिम प्रवेश सूची का प्रकाशन कक्ष संख्या 8 के बाहर कर दिया गया है। प्राचार्य प्रो. कल्याणमल सिंगाडा ने बताया कि स्नातकोत्तर विद्यार्थी उक्त सूची में अपना नाम होने पर अपनी एप्लीकेशन आईडी ईमित्र पर बताकर विश्वविद्यालय परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरने के उपरांत प्राप्त हार्ड कॉपी महाविद्यालय के कक्ष संख्या एक में जमा करानी अनिवार्य होगी। परीक्षा फार्म के साथ सीसी व माइग्रेशन की मूल कॉपी और बकाया प्रमाण-पत्रों की फोटो कॉपी जमा करानी भी आवश्यक है। परीक्षा फॉर्म भरने के उपरांत यदि विद्यार्थी उसकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय में जमा नहीं करते हैं तो वह आगामी दिनों में होने वाली स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध प्रथम सेमेस्टर 2०24 की मुख्य परीक्षा में बैठने से वंचित रहेंगे।

### महिला थाने का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने महिला थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। अग्रवाला ने माल खाना, ऋाइम रिकॉर्ड, नये कानून, ई-साक्ष्य, राजकाप एप, सीसीटीएनएस के कार्यों के बारे में थानाधिकारी एवं जाप्ते से वार्ता कर निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में स्वच्छता एवं पौधरोपण संबंधी निर्देश दिये।

# सालवी समाज के लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**राजसमंद,** (निसं)। जिले की कुशलपुरा पंचायत के देव डूंगरी गांव में शमशान की भूमि को लेकर हुए विवाद के बाद अब सालवी और रावत समाज आमने-सामने है। इस प्रकरण में दोनों ही समाज के लोगों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपा।

- **देव डूंगरी में शमशान की भूमि को लेकर विवाद मामला**
- **एससी-एसटी प्रकरण में कार्रवाई व अस्थाई पुलिस चौकी की मांग**
- **रावत समाज के लोगों ने विवाद को बताया जानकारी का अभाव**




शमशान की भूमि को लेकर विवाद मामले को लेकर प्रदर्शन किया।

सालवी समाज के बडी संख्या में महिला-पुरुषों ने रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और पुलिस में दर्ज एससी-एसटी के प्रकरण में आरोपियों पर कानूनी कार्यवाही के साथ ही गांव में एक अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है। जबकि रावत समाज के लोग पूरे प्रकरण को जानकारी के अभाव में हुआ विवाद बता रहे हैं। सालवी समाज महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश नागर ने बताया कि जिला कलक्टर के माध्यम से गांव में शमशान की भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन उसमें शव दफनाने को लेकर रोका गया था। हांलाकि प्रशासन की मौजूदगी में शव दफनाया गया। इस घटनाक्रम को लेकर भीम थाने में दर्ज 22 नामजद लोगों के खिलाफ अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। गांव में अब गवाहों को डराया धमकाया जा रहा है। कार्रवाई करने और गांव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग को लेकर सालवी समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उधर रावत समाज के लोगों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि यह विवाद जानकारी के अभाव में हुआ था। सरपंच और प्रशासन द्वारा शमशान के लिए जमीन आवंटित करने की जानकारी गांव में नहीं दी गई थी। शव दफनाते समय जब महिलाओं और पुरुषों ने आपत्ति जताई तो उनके साथ अभद्रता की गई थी। लेकिन अब 22 नामजद और करीब 1०० अन्य लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की रावत समाज ने भी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। इस दौरान अखिल भारतीय भीम सेना जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र रेगर, दलित मंच जिला संयोजक सोहनलाल भाटी, दलित एवं आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड, अखिल भारतीय भीम सेना जिला उपाध्यक्ष अर्जुन पटवाल, अखिल भारतीय भीम सेना महिला ब्लॉक अध्यक्ष रेखा जटिया, नारायण पडियार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कला भी एक तपस्या : कविता

**उदयपुर,**(कासं)। इकतारा और तुम्हीं हो बंधु सखा तुम्ही हो फिल्मी गीत से मशहूर हुई बॉलीवुड फिल्मों की पार्श्व गायिका कविता सेठ लेकसिटी के दौरे पर पहुंची। इस दौरान कला.संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिए समर्पित कश्ती फाउंडेशन प्रतिनिधियों ने कविता से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया और कला व गीत.संगीत विषय पर लंबी चर्चा की।

इस मौके पर कविता ने कहा कि कला भी अनोखी तपस्या है कलाकार भी फौजियों से कम नहीं होते,कलाकारों को भी जीवन में भी अलग.अलग मोर्चो पर अनेक प्रकार के संघर्षो से सामना करना पडता है। मूलतः बरेली की निवासी कठिता ने कहा कि शादी के बाद डीपीएस की नौकरी छोड दिल्ली में ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन में अपनी गायिकी से सबको प्रभावित करना शुरू किया और यहीं से इनकी गायन प्रतिभा को नये रास्ते मिलने लगे। वर्तमान में सूफी म्यूजिकल ठाुप कारवां का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रही कविता सेठ ने गीतए गजल के साथ लोक गीत भी गा रही है और आपने लंदन स्कॉटलैंड ओस्लो बर्लिन में भी पब्लिक शो किए। कश्ती फाउंडेशन के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कविता ने कहा कि देश के भविष्य युवाओं को कला की ओर मोडना बेहद जरूरी है। उन्होंने कश्ती फाउंडेशन द्वारा 5 सरकारी स्कूलों के बच्चों के साथ युवा कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे भी इस प्रकार के संगठन से जुडने में रूचि रखती हैं।

# सरकारी भवन को ध्वस्त करने वालों पर कार्रवाई की मांग



एसपी को ज्ञापन देने पहुंचा ग्रामीणों का प्रतिनिधी मण्डल।

**राजसमंद,** (निसं)। राजसमंद-भीलवाडा जिले के बोर्डर पर स्थित मोखुंदा ग्राम पंचायत में तथाकथित लोगों द्वारा रात के अंधेरे में सरकारी भूमि पर कब्जा करने की नियत से वहां पर बने सरकारी भवन को खुर्दबुर्द करने के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचकर एसपी से मुलाकात कर आमेट पुलिस पर कार्यवाही कहीं करने का आरोप लगाया और एसपी मनीष त्रिपाटी को ज्ञापन सौंप जांच अधिकारी बदलने की मांग की।

जानकारी के अनुसार नो दिन पूर्व 11 नवम्बर 24 को अर्द्ध रात्रि में मौका का फायदा उठाते हुए मोखुंदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चिकित्सकों के रहने के लिए बने पुराने क्वाटर के जर्जर भवन को अज्ञात व्यक्ति जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर लोहे के सामान चुराकर ले गए। सुबह जब ग्रामीणों ने सरकारी भवन ध्वस्त करने की जानकारी आई तो सभी एकत्रित हो गए और सडक जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद मौके पर पहुंचे पुलस व प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही का आश्वासन देने की बात कर उग्र ग्रामीणों से समझाईश की और सडक मार्ग खुलवाया। इस मामले में रायपुर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही कर सरकारी भवन को ध्वस्त करने में उपयोग ली गई जेसीबी मशीन को जब्त कर और चालक को डिटैन किया। क्योंकि मामला राजस्व विभाग था। चिकित्सकों के लिए बने क्वाटर ग्राम पंचायत माद, पंचायत समिति देवगढ की भूमि पर बने हुए थे। इस पर मामला राजसमंद जिले क्षेत्र का है, इसके चलते मोखुंदा चिकित्सक की ओर से दी गई रिपोर्ट पर आमेट थाने में मामला दर्ज किया गया। लेकिन मामला दर्ज होने के एक सप्ताह बाद भी आमेट पुलिस द्वारा कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने बात पर ग्रामीणों का प्रतिनिधी मण्डल एसपी से मुलाकात कर मामले में त्वरीत कार्यवाही की मांग की। इस पर एसपी ने नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।